**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

दिनांक : 09.05.2025 समय : 07.10AM

मुख्य समाचार :-

- अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपेठ की साजिश नाकाम। भारतीय सेना ने नष्ट किए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल।
- मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच प्रारंभ होगी ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना।
- राजधानी में आज होगा जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का जोरदार प्रदर्शन।

पाक मिसाइलें-नष्ट

भारतीय सीमा सुरक्षा बल ने कल रात लगभग 11 बजे जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की बड़ी साजिश नाकाम कर दी। रक्षा सूत्रों ने कहा कि पश्चिमी सीमा पर कई स्थानों पर शत्रु के हमलावर ड्रोन देखे गए। भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों से इन्हें प्रभावी ढंग से नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया पर आठ मिसाइलें दागी हैं। सभी मिसाइल हमलों को एयर डिफेंस यूनिट ने नाकाम कर दिया है।

इस बारे में भारत के रक्षा विशेषज्ञ प्रफुल बख्शी ने कहा कि यह एक पाकिस्तानी हमला था। इससे यह भी साबित हो गया है कि पाकिस्तान चीनी-आधारित मिसाइल प्रणाली का उपयोग कर रहा है।

इसी बीच केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं ने आतंकियों को सदैव के लिए मिटाने का काम किया है। भारत ने आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है... यह युद्ध आतंकवाद को समाप्त करने का युद्ध है...“

बाइट-ज्योतिरादित्य सिंधिया

अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित जम्मू, पठानकोट और उधमपुर के सैन्य ठिकानों को पाकिस्तान ने मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया। लेकिन कोई नुकसान नहीं हुआ है। भारतीय सशस्त्र बलों ने मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार इन हमलों को बेअसर कर दिया।
पठानकोट या राजौरी में आतंकवादियों के आत्मघाती हमले की ख़बर पूरी तरह झूठी है। रक्षा सूत्रों ने कहा है कि दोनों तरफ से टैंकों की कोई गतिविधि दिखाई नहीं दी है।

इसी बीच केन्द्र सरकार ने किशनगढ़, भुंतर और लुधियाना हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है। इससे पहले राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों में हवाई अड्डों पर परिचालन निलंबित किया गया था। नागर उड्डयन मंत्रालय ने मीडिया की उन खबरों को खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि देश भर के हवाई अड्डे बंद किए गए हैं। दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रा संबंधी परामर्श जारी करते हुए कहा कि विमान परिचालन सामान्य है। हवाई क्षेत्र की बदली परिस्थितियों और कड़ी सुरक्षा के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं।

ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना-एमओयू

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस की मौजूदगी में कल भोपाल में “ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज“ परियोजना का एमओयू होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के बाद अब मध्यप्रदेश में तीसरी महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय नदी परियोजना “ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना“ पर कार्य होगा। इस अंतर्राज्यीय संयुक्त परियोजना के सभी अवरोध अब दूर हो गये है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रिचार्ज परियोजना है। इसके जरिए महाऱाष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में कुल 31.13 टी.एम.सी. जल का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टी.एम.सी मध्यप्रदेश को और 19.36 टी.एम.सी जल महाराष्ट्र राज्य के हिस्से में आएगा।

जयशंकर- बातचीत

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर ने कल शाम अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात की। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के विरूद्ध भारत की लक्षित और संतुलित कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत हमले को बढ़ावा देने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से सामना करेगा। उन्होंने कहा कि वे आतंकवाद से लड़ाई में अमरीका के भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता की अत्यंत सराहना करते हैं।

डॉ. जयशंकर ने इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी के साथ टेलीकांफ्रेंस में आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत की लक्षित और संतुलित कार्रवाई की चर्चा की। डॉ. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा संघर्ष बढ़ाने के किसी भी प्रयास का माकूल जवाब दिया जाएगा।

डॉ. जयशंकर ने यूरोपीय संघ की विदेश कार्यों और सुरक्षा नीति की उच्च प्रतिनिधि काजा कल्लास के साथ भी मौजूदा घटनाक्रम पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने इस दौरान संयम बरता है और संघर्ष बढ़ाने की किसी भी हरकत का कड़ा जवाब दिया जाएगा।

जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोपहर भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

जनजातीलय कार्य विभाग और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान भोपाल के सहयोग से होने वाले इस महोत्सव में जीआई टैग प्राप्त गोंड पेंटिंग के 4 कलाकारों को मुख्यमंत्री द्वारा ऑथोराइज्ड यूजर कार्ड वितरित किये जायेंगे। साथ ही "आदि रंग" परियोजना के शुभारंभ प्रतीक स्वरूप एनआईसी द्वारा विकसित प्रशिक्षण किट हितग्राहियों को वितरित की जायेगी। महोत्सव में आदि शिल्प, जनजातीय व्यंजन के साथ जनजातीय नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुति भी होगी।

खेलो इंडिया

खेलो इंडिया यूथ गेम्स- 2025 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने कल अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए कुल 4 पदक जीते, जिसमें 1 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य शामिल हैं। अब तक प्रदेश के खिलाड़ी 9 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 18 पदक अर्जित कर चुके हैं। इससे मध्यप्रदेश ने मैडल टैली में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन विगत 04 से 15 मई तक बिहार के विभिन्न शहरों- पटना, राजगीर, भागलपुर, गया और नई दिल्ली में भी किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का 229 सदस्यीय दल भाग ले रहा है, जिसमें 176 खिलाड़ी और 53 सहयोगी स्टॉफ शामिल हैं।

बैडमिंटन-ताइपे ओपन

भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा कल ताइपे ओपन में पुरुष और महिला सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

विश्व में 44वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने पुरुष सिंगल्स के दूसरे दौर में भारत के ही वरिष्ठ खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को हराया। क्वार्टर फाइनल में आज 20 वर्षीय आयुष का सामना कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग से होगा।

महिला सिंगल्स में 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा ने ताइवान की लिन सिह युन को पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में आज 53वीं वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा का सामना 65वीं वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे खिलाड़ी हंग यी-टिंग से होगा।

आईपीएल- मैच रद्द

आईपीएल में आज लखनऊ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का सामना लखनऊ सुपर जायन्टस से होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा। इसके पहले पंजाब किंग्स और डेल्ही कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच एहतियात के तौर पर कल शाम रद्द कर दिया गया था। यह मैच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में हो रहा था। स्टेडियम की फ्लडलाइट बंद किए जाने तक पंजाब किंग्स ने 10 ओवर और एक गेंद में एक विकेट पर 122 रन बनाए थे।

धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियन्स के बीच रविवार को होने वाला मैच अब अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। मौजूदा चुनौतियों के कारण मैच का स्थान बदला गया है। यह मैच दोपहर बाद साढे तीन बजे से खेला जाएगा।

समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर ने जनसमुदाय के साथ कल नलखेड़ा में लखुंदर नदी पर श्रमदान किया।
- नर्मदापुरम जिले की पिपरिया ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएंगे।
- खंडवा जिले के इमलीपुरा में प्रशासन ने स्लॉटर हाउस के पास अवैध निर्माण को ध्वस्त किया।
- गुना में रेडक्रॉस भवन में आयोजित शिविर के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने रक्तददाताओं, ंसामाजिक संस्थाओं व निक्षय मित्रों सम्मानित किया।
- महिला एवं बाल विकास विभाग पन्ना द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्त कर दी गई है।
- भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने रायसेन में निर्माणाधीन शासकीय सांदीपनी विद्यालय भवन तथा तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।
- डिंडौरी जिले की समस्त आईटीआई में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया 1 मई 2025 से प्रारंभ कर दी गई है। आवेदन 31 मई 2025 तक किये जा सकेंगे।
- बैतूल जिले के शाहपुर में आयोजित सामुहिक विवाह समारोह में 634 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।
- धार जिले के जैतपुर स्थित नवीन औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों हेतु भूमि आवंटन प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। जिसमें 15 मई को सायं 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे।

-------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब .**

(1) ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना-एमओयू

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस की मौजूदगी में कल भोपाल में "ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज" परियोजना का एमओयू होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के बाद अब मध्यप्रदेश में तीसरी महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय नदी परियोजना "ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना" पर कार्य होगा। इस अंतर्राज्यीय संयुक्त परियोजना के सभी अवरोध अब दूर हो गये है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रिचार्ज परियोजना है। इसके जरिए महाऱाष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में कुल 31.13 टी.एम.सी. जल का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टी.एम.सी मध्यप्रदेश को और 19.36 टी.एम.सी जल महाराष्ट्र राज्य के हिस्से में आएगा।

(2) जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोपहर भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

जनजातीलय कार्य विभाग और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान भोपाल के सहयोग से होने वाले इस महोत्सव में जीआई टैग प्राप्त गोंड पेंटिंग के 4 कलाकारों को मुख्यमंत्री द्वारा ऑथोराइज्ड यूजर कार्ड वितरित किये जायेंगे। साथ ही "आदि रंग" परियोजना के शुभारंभ प्रतीक स्वरूप एनआईसी द्वारा विकसित प्रशिक्षण किट हितग्राहियों को वितरित की जायेगी। महोत्सव में आदि शिल्प, जनजातीय व्यंजन के साथ जनजातीय नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुति भी होगी।

(3) खेलो इंडिया

खेलो इंडिया यूथ गेम्स- 2025 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने कल अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए कुल 4 पदक जीते, जिसमें 1 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य शामिल हैं। अब तक प्रदेश के खिलाड़ी 9 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 18 पदक अर्जित कर चुके हैं। इससे मध्यप्रदेश ने मैडल टैली में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन विगत 04 से 15 मई तक बिहार के विभिन्न शहरों- पटना, राजगीर, भागलपुर, गया और नई दिल्ली में भी किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का 229 सदस्यीय दल भाग ले रहा है, जिसमें 176 खिलाड़ी और 53 सहयोगी स्टॉफ शामिल हैं।

..................